Dr. A.P.J.Abdul Kalam Technical University
Faculty of Architecture & Planning
(Incorporating FormerLucknow College of Architecture)
Tagore Marg, Lucknow – 226 007;(U.P) India
Phone: +91 915222741598 (Telefax):+91915222741598 (EPBAX)
Website:www.foaaktu.ac.in, e-mail:www.dean.foa@aktu.ac.in

डॉ0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
वास्तुकला एवं योजना संकाय
(पूर्ववर्तीलखनऊ वास्तुकला महाविद्यालयसंयुक्त)
टैगोर मार्ग, लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
दूरभाष–+91 915222741598(टेलीफैक्स)+91 915222741598(ईपीबीएक्स)
वेबसाइट :www.foaaktu.ac.in,ई-मेल:www. dean.foa@aktu.ac.in

पत्र संख्याः लवाम/प0नि0का0/01/सा0पत्रा0/2025-26/R7 दिनाँकः 30 अप्रैल, 2026

तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम एवं चैलेंज आवेदन की सूचना

संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित करना है कि विषम सेमेस्टर, सत्र 2025-26 की परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले **रेगुलर विद्यार्थियों** का **एम0यू0आर0पी0 प्रथम, तृतीय सेमेस्टर एवं एम0प्लान0 (इफ्रा0 प्ला0 मै0) तृतीय सेमेस्टर परिणाम** संस्थान के ई0आर0पी0 (https://foaaktu.ac.in/Exam/StudentLogin.aspx) पर जारी किया जा चुका है, विद्यार्थी रोल न0 एवं जन्मतिथि (dd-mm-yyyy) को भरकर परिणाम देख सकते है।

उक्त परीक्षाओं से सम्बंधित ऐसे विद्यार्थी जो अपनी उत्तर पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, वह चैलेंज मूल्यांकन के सम्बंध में उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्या 39298/16-1099/17/2020, दिनांक 26/11/2020 के संज्ञान में श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई-7443/03-जी0एस0/2019 (टी0सी0) में उल्लिखित /वर्णित गाइड लाईन (मानक निर्देश) के अनुसार आवेदन कर सकते है।

गाइडलाइन निम्नलिखित है।

1. चैलेंज मूल्यांकन **स्टेज-1** हेतु छात्र को उक्त शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय रू 300/ (तीन सौ) मात्र के परीक्षा सेल से प्राप्त निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना आवश्यक होगा।
2. चैलेंज मूल्यांकन **स्टेज-2** में रू0 2500/- (पच्चीस सौ) मात्र के परीक्षा सेल से प्राप्त निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना आवश्यक होगा।
3. चैलेंज मूल्यांकन मूल मूल्यांकनकर्ता से भिन्न दो विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा। **यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंकपत्र में देय होगा, चाहे यह मूल प्राप्तांकों से कम हो अथवा अधिक।**
4. यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है, तब विद्यार्थियों द्वारा जमा किए गये शुल्क रू0 2500/- में से रू 1000/-की धनराशि काटकर शेष विद्यार्थी को वापस कर दी जाएगी।

परीक्षा सेल से निम्नलिखित तिथियों में सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता है।

- **स्टेज-1 की प्रक्रिया का आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 11/5/2026 से 13/5/2026 किया जा सकता है।**

जिसका परिणाम सम्बंधित विशेषज्ञों/परीक्षकों की उपलब्धता के क्रम में जल्द से जल्द सूचित किया जाएगा।

(राकेश पैजवार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधानाचार्य/अधिष्ठाता वास्तुकला संकाय।
2. विभागाध्यक्ष, वास्तुकला संकाय।
3. सभी अध्यापकों को सरकुलेशन द्वारा।
4. श्री मोहित यादव परीक्षा सेल।
5. लेखा को इस आशय से प्रेषित कि छात्रों के परीक्षा शुल्क जमा की जानकारी उपलब्ध करायें।
6. प्रभारी वेबसाइट।
7. संकाय के सभी नोटिस बोर्ड।

(राकेश पैजवार)
परीक्षा नियंत्रक